समाचार

# 28 मई को वार्ड क्र. 04, 13, 25, 37, 43, 51, 57, 64 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट



कोरबा 27 मई 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 28 मई शुक्रवार को वार्ड क्र. 04, 13, 25, 37, 43, 51, 57, 64 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 1036 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 49393 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 मई शुक्रवार को वार्ड क्र. 04 दुर्गा पण्डाल इंदिरा नगर, वार्ड क्र. 13 पन्द्रह ब्लाक सामुदायिक मंच, वार्ड क्र. 25 कुंआभट्ठा विश्वकर्मा मंदिर के पीछे, वार्ड क्र. 37 भदरापारा अंबेडकर चौक, वार्ड क्र. 43 कलमीडुग्गू सार्वजनिक मंच, वार्ड क्र. 51 लाटा स्कूल स्थित मंच, वार्ड क्र. 57 भैरोताल दशहरा मैदान सामुदायिक मंच, वार्ड क्र. 64 घुड़देवा बस्ती पण्डाल के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी।